दुनियाँ से दिल लगाकर

दुनियाँ से दिल लगाकर, दुनियाँ से क्या मिलेगा ॥
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा ।
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

जिसको तूँ समझें अपना, वोह तो है झूठा सपना ।
तेरा श्याम है सहारा, बस उनका नाम जपना ।
सब द्वार बंद होंगे, यह दर खुला मिलेगा ।
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा ।
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

कितना छुपा ले दामन, बाबा को सब पता है ।
नेकी बदी को तेरी, हर पल वोह लिख रहा है ।
जिस दिन हिसाब लेगा, उसे क्या जबाब देगा ।
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा ।
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

दौलत हो या हकूमत, ताक़त हो या जवानी ।
हर चीज़ मिटने वाली, हर चीज़ आनी जानी ।
यह सब गरूर एक दिन, मिटटी में जा मिलेगा ।
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा ।
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19158/title/duniya-se-dil-lagakar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |